Name of News paper: Aaj Samaaj, Date: 18-03-2024

48वें वार्षिक एथलेटिक मीट का हुआ समापन

- छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाए अपने जौहर

प्रीति रानी, देश रोजाना

साढौरा। डीएवी कॉलेज सढौरा के 48 वें दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ पहले दिन की भांति दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपने जौहर दिखाए लड़कों की 100 मीटर रेस में पुनीत ने प्रथम स्थान, तुषार ने द्वितीय और हरप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों की 50 मी दौड़ में मुशीर्दा प्रथम स्थान पर रही, अमरजीत ने दूसरा एवं अंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से अन्य खेलों में भी सभी को प्रतिभागियों को ने भिन्न-भिन्न स्थान प्राप्त किए । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समापन समारोह में जिप चेयरमैन रमेश चंद ठसका मुख्य अतिथि रहे उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी व्यापक भागीदारी के लिए बधाई दी और साथ ही कॉलेज प्रशासन की भी शानदार आयोजन के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. तेजवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के समक्ष कॉलेज की रिपोर्ट पड़ी एवं विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया व इस आयोजन को सफल बनाने में भूमिका निभाने के लिए सभी स्टाफ व छात्र छात्राओं का धन्यवाद किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में को योगेश सिंह मोहन स्टाफ से एसके दुबे, दर्शन लाल , छत्रपाल, अनुपम खन्ना, राजेंद्र कुमार ,मैडम रितु, मैडम नेहा, मैडम सुनीता, आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।